दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 98 मुरादाबाद 02 August 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, लीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- अन्य मुल्कों के मुकाबले बेहतर स्थिति में भारत, महंगाई पर काबू पाने की हो रही कोशिशें



महंगाई और जरूरी वस्तुओं की बढ़ी कीमतों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध सोमवार को टूटता नजर आया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की बढ़ी हुई दरों और महंगाई के मुद्दे पर जवाब दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमें देखना होगा कि दुनिया में क्या हो रहा है। दुनिया ने ऐसी महामारी का सामना पहले कभी नहीं किया। इससे बाहर आने के लिए हर कोई अपने स्तर पर काम कर रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पिछले दो साल में विश्व बैंक, आईएमएफ ( IMF ) और दूसरी वैश्विक संस्थाओं की ओर से कई बार दुनिया की विकास दर और भारत की विकास दर के बारे में आकलन किए गए हैं। हर बार जब भी आकलन किया गया है, तब दुनिया की विकास दर उस अवधि में अनुमान से कम रही है, यहां तक कि भारत की भी विकास दर अनुमान से कम रही है, लेकिन हर बार भारत की विकास दर सर्वाधिक रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश में जीएसटी संग्रह पिछले 5 महीनों से लगातार 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। 8 इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में जून में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई है। जून में कोर सेक्टर में वार्षिक दर से 12.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन आंकड़ों से साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत सकारात्मक संकेत दिखा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि दुनिया में क्या हो रहा है। दुनिया ने ऐसी महामारी का सामना पहले कभी नहीं किया था। महामारी से बाहर आने के लिए कोशिशें की जा रही हैं। रूस-यूक्रेन संकट, चीन के कई हिस्सों में लॉकडाउन, कोरोना की लहरें और ओमिक्रोन आदि के चलते अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ है, इसके बावजूद हम महंगाई को 7 फीसद से नीचे रखने की कोशिश कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका की GDP में दूसरी तीमाही में 0.9 फीसद की गिरावट दर्ज की गई और पहली तिमाही में 1.6 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी। इसको उन्होंने अनौपचारिक मंदी का नाम दिया। रही बात भारत की तो यहां मंदी या महंगाई जनित मंदी का सवाल ही नहीं उठता है। ब्लूमबर्ग की सर्वे रिपोर्ट में साफ साफ कहा गया है कि भारत में मंदी की संभावना शून्य है।वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में 2022 में सकल NPA छह साल में सबसे निचले स्तर 5.9 फीसद पर है। आप यदि दूसरे मुल्कों पर नजर डालें तो ऐसा नहीं है। चीन को ही देखें। चीन के 4000 बैंक दिवालिया होने के कगार पर हैं लेकिन भारत में NPA कम हो रहे हैं। केंद्र सरकार के प्रयासों के चलते सरकार पर कर्ज GDP का 56.9 फीसद है। IMF के आंकड़ों के अनुसार भारत दूसरे देशों की तुलना में काफी अच्छी स्थिति में है। भारत सरकार पर औसतन कर्ज GDP का 86.9 फीसद है।

## सावन सोमवार: काशी विश्वनाथ में उमड़ी भीड़, दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान पर रोक



सावन के तीसरे सोमवार पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में कांवरियों और आम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। हर तरफ बम बम गूंज रहा है। पिछली बार जहां रात दस बजे तक पांच लाख भक्तों ने दर्शन किया था। इस बार शाम छह बजे ही यह संख्या पहुंचती दिखाई दी है। भारी भीड़ के कारण वाराणसी के मुख्य घाट दशाश्वमेध पर स्नान पर रोक लगा दी गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में पहले दो सोमवार की अपेक्षा अधिक भक्तों का आगमन हुआ है। दोपहर तीन बजे तक ही साढ़े चार लाख श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दरबार में पहुंच चुके थे। सुबह नौ बजे तक करीब डेढ़ लाख लोग दर्शन कर चुके थे। मौसम में बदलाव को भी भारी भीड़ का कारण माना जा रहा है। पहले दो सोमवार धूप और गर्मी ने कदम रोके थे। अब रुक रुक कर हो रही बारिश का क्रम आधीरात से ही जारी है। कभी हल्की फुहार तो कभी तेज बूंदाबांदी के बीच भक्तगण बाबा के नाम का जयघोष करते दरबार की ओर बढ़ते रहे। गंगाद्वार की ओर से मंदिर में प्रवेश बंद कर दिए जाने के कारण भीड़ का पूरा दबाव सड़क पर दिखाई दे रहा है। कोतवालपुरा से लगी कतार बांसफाटक, गोदौलिया, दशाश्वमेध से वापस लौट कर गिरजाघर तक पहुंच गई थी। गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण दूसरे सोमवार से ही गंगाद्वार का मार्ग कांवरियों सहित सभी दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिया गया है। गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण दशाश्वमेध घाट पर कांवरियों को स्नान करने से रोक दिया गया। सभी कांवरियों को गंगा स्नान के लिए अस्सी घाट भेजा जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को 12-12 सौ, सीएम योगी ने प्रिंसिपल और टीचर को भी दी बड़ी जिम्मेदारी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की प्राथमिक पाठशालाओं में पढ़ने वाले बच्चों की पोशाक, जूते-मोजे और कॉपी-किताबों समेत विभिन्न सामान के लिए सोमवार को 12-12 सौ रुपये खाते में भेज दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रिंसिपल और टीचरों को बड़ी जिम्मेदारी भी दी है। सीएम योगी ने धनराशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने की हिदायत प्रिंसिपल और टीचरों को दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को यहां बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ रहे एक करोड़ 91 लाख छात्र-छात्राओं को स्कूल की पोशाक, स्वेटर, स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्टेशनरी खरीदने के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके अभिभावकों के बैंक खाते में %डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर% ( डीबीटी ) के माध्यम से अंतरण की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर कहा हमने डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के बैंक खाते में पैसा तो भेज दिया है लेकिन प्रदेश भर के सभी छह लाख बेसिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और शिक्षा मित्रों से मेरा अनुरोध है कि वे यह प्रयास करें कि उन सभी बच्चों को यूनिफॉर्म समय पर प्राप्त हो जाए। आदित्यनाथ ने हिदायत देते हुए कहा "प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षक अभिभावक को बुलाकर, बैठक करके, उनके घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चा अपनी यूनिफॉर्म पहनकर ही स्कूल आए। कोई भी बच्चा नंगे पैर नहीं आए, जूते मोजे पहनकर ही स्कूल आए। यह सुनिश्चित करना होगा कि सर्दियों में कोई बच्चा ठिठुरता हुआ न दिखाई दे। उन्होंने कहा कि एक कक्षा पढ़कर दूसरी कक्षा में जाने वाले बच्चों की किताबों को, अगर वे सही हालत में हैं तो उनसे लेकर बुक बैंक बनाया जाए ताकि अगर कभी स्टेशनरी और किताबें उपलब्ध कराने में देर हो जाए तो बुक बैंक से बच्चों को किताबें उपलब्ध कराई जा सकें। मुख्यमंत्री ने स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर निकले बच्चों को विद्यालय की विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे बच्चों और स्कूल के बीच संबंध मजबूत होगा और वह लंबे समय तक चलेगा।

### सीएम योगी को पसंद आया आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पढ़ाने का तरीका, शिक्षकों को सुनाया किस्सा

उन्होंने एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पढ़ाने का किस्सा भी शेयर किया और सभी से इसी तरह पढ़ाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई में दिलचस्पी लें, यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है। सरल, सुबोध और स्थानीय उदाहरण से समझाए। पुराना किस्सा सुनाते हुए बताया कि एक बार मैं एक आंगनबाड़ी केन्द्र में अचानक गया। 25-30 बच्चे थे, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पढ़ा रही थी, एक-एक-एक, मेरी नाक एक, दो-दो-दो मेरे कान दो...। जब मैंने वहां बच्चों से पूछा तो सभी ने उसी तरह दिलचस्पी लेकर बताया और अपने शिक्षक की बात को दोहराया। इतनी सरलता वाली पढ़ाई ही चाहिए। शिक्षक स्थानीय स्तर पर पढ़ा सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षक अभिभावक से मिले, बच्चे का हालचाल लें, स्कूल छोड़ने के बाद भी उसकी पढ़ाई चालू है या नहीं, यह भी जाने। अभिभावकों से कभी नकारात्मक न बोले। गांव का पूरा डाटा बैंक शिक्षकों के पास होना चाहिए कि कौन क्या कर रहा है।

# छात्रों को आपदा से बचने के बताए उपाय



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों/कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में जनपद के विकास खण्ड गिलौला स्थित श्री काशी विश्वनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तत्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, सर्पदंश से बचाव, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थीयों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए।इस अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

# मुस्लिम समाज के द्वारा कावड़ियों पर फूल बरसा फल वितरण किए गए



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - थाना किला क्षेत्र हर साल की तरह इस साल भी एकता समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सुभानी द्वारा कावड़ियों के स्वागत के लिए एक विशाल कैंप का आयोजन किया जिसमें बरेली की गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा हर साल कावड़ियों पर फूल बरसा फल वितरण किए जाते हैं और आपसी भाईचारा मिसाल देखने को मिलती है इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे डॉ उमेश गौतम महापौर नगर निगम बरेली, एडीएम सिटी आरडी पांडे जी, एसपी सिटी श्री रविंद्र कुमार जी, सीओ द्वितीय आशीष सिंह, व शहर के गणमान्य लोग और काफी तादाद में मुस्लिम युवाओं ने शिरकत की अपने शहर की कौमी एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा -अध्यक्ष सलीम सुभानी, बिलाल मासूम, आतिफ अली खान, मिर्जा मुकर्रम उर्फ मिकी, गुड्डू कुरैशी, नासिर कुरेशी, अशोक सिंह, बब्लू आदि।

# आगामी त्यौहार व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी संपन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा मुहर्रम में कानून व्यवस्था के अवलोकनार्थ हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागर कक्ष में जनपद के समस्त चौकी प्रभारियों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में पड़ने वाले पेट्रोल पंप जाकर जाकर सीसीटीवी की चेकिंग करें। सभी पेट्रोल पंप मालिकों से वार्तालाप कर उनको बताएं कि सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ सीसीटीवी रोड की तरफ लगवाएं जिससे रोड की गतिविधि का पता चलता रहे।सभी चौकी प्रभारियों को बताया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले कस्बा/बाजार के व्यापारियों से वार्तालाप करें और उन्हें बताएं कि रोड पर अतिक्रमण कदापि ना करें

जो भी सामान है वह अपने दुकान में ही रखें।साथ ही साथ सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी लगवाये। मुहर्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे व जनपद के समस्त चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# सावन के तीसरे सोमवार पर पत्रकारों ने करा कांवड़ियों फूल वर्षा फल वितरण करें



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - श्रावण मास के तीसरे सोमवार को मंदिरों में सैकड़ों की संख्या मे कांवड़ियों के साथ श्रद्धालु जलाभिषेक करने आये वही कछला से जल लेकर बड़ी संख्या में शिवभक्त शहर में प्रवेश करते हुए चौरासी घंटा मंदिर पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के बरेली इकाई के साथ साथ अन्य बरेली के पत्रकार भाई आज एकजुट होकर पुष्पों से शिवभक्तों का स्वागत करते हुए शीतल जल व फल वितरण करने का कार्यक्रम बदायू रोड पर चौरासी घंटा मंदिर के समीप किया गया संस्था के जिलाध्यक्ष सत्यम शर्मा ने कहा कि भोले बाबा को जल चढ़ाने के लिए जो शिवभक्त शहर मे प्रवेश कर रहे है उनका फूलों से स्वागत किया व फल एवं जल वितरित करते हुए जो सेवा करने मे आज पत्रकारों को बहुत ही सुख की अनुभूति प्राप्त हुई है, हम पत्रकारों को भी समाज सेवा के काम मे हमेशा बढ चढ कर हिस्सा लेना चाहिए पत्रकारों में जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ट पत्रकार साथी अनुराग सक्सेना जी, अरुण जायसवाल, तक़ीरजा सहावर सिद्दिकी, अंकुर चौधरी, नीरज सिंह,वीरेन्द मौर्य, नवनीत कुमार के साथ साथ तहशील आँवला अध्यक्ष विशाल शर्मा एवं अन्य पत्रकार साथियों ने पुण्य कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर पुत्र ने मां व,भाई की पत्नी को पीटा दोनों गंभीर रूप से घायल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव पूश,,नगला का मामला बताया जा रहा है दो बच्चों का पिता होने के बाद भी दूसरी महिला से चल रहे अवैध संबंध पत्नी का,विरोध करने पर पत्नी को जान से मारने की देता है धमकी वही आज अपने छोटे भाई की पत्नी ब, मां पर किया हमला जिससे दोनों घायल,वही छोटे भाई पत्नी गर्भवती बताई जा रही है पीड़िता,ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम तहत 62 वी वाहनी भिनगा के सभी सीमा चौकियों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती - हर घर तिरंगा कार्यक्रम तहत 62 वी वाहनी भिनगा के सभी सीमा चौकियों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया ।आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर झंडा अभियान के तहत एस0 एस0 बी 62 वी वाहनी के रबिन्द्र कुमार राजेश्वरी कमाण्डेन्ट के दिशा निर्देश में शस्त्र सीमा बल भिनगा के सभी सीमा चौकियों के जवानों एंव स्कूल के छात्र छात्राओं और अध्यापकों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर हर घर पर तिरंगा लगाने एंव आजादी के 75 वी वर्षगांठ मानने के लिए सीमा वर्ती के ग्रामीण जनता को जागरूक किया ।और राष्ट्र ध्वज और उसके सम्मान के बारे में बताया गया । इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक रघुनाथ, प्रदीप कुमार मौर्य , उपनिरीक्षक चन्दन सिंह राठौर एंव सभी सीमा चौकी प्रभारी के साथ व अन्य एस0 एस0 बी के जवान उपस्थित रहे ।रविन्द्र कुमार ने बताया कि देश के तिरंगा झंडा के स्वाभिमान को रखते हुए अन्य ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है , और उन्हें जागरूक करते हुए ।कि भारत के सभी मूल्य निवासी तिरंगा झंडा लगाए ।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर से दीप प्रज्जवलित कर निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं के स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज सदर तहसील से निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं के स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करने वाले कर्मियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा वी0एल0ओ0 को जिलाधिकारी द्वारा फार्म-6बी वितरित किये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि आधार संख्या प्राप्त करने का उद्देश्य मतदाता सूची में उनकी प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण और भविष्य में उन्हें बेहतर चुनावी सेवाएं प्रदान करना है। यदि किसी मतदाता के पास आधार नम्बर नही है और वह आधार नम्बर प्रस्तुत करने में सक्षम नही है तो उसे फाम-6बी में उल्लिखित 11 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक की प्रति सलंग्न करने को कहा जायेगा। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली को आधार से लिंक करना स्वैच्छिक है। गलत मतदाता सूची डेमोंक्रेसी के लिए धब्बा है, लोकतंत्र सबसे अच्छी प्रणाली है। इससे बेहतर कोई प्रणाली नही है, जो आयोग के नियम है उसका पालन सुनिश्चित करें। मतदाता सूची सही बन गयी तो मतदान का सबसे बडा कार्य हो जायेगा। उन्होंने सुपरवाईजरों, वीएलओ, कानूनगों एवं लेखपालों से कहा कि अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए शुद्ध निर्वाचक नामावली को तैयार कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के प्रयासों से शत प्रतिशत फोटोयुक्त मतदाता सूची बनी है तो आधारयुक्त निर्वाचक नामावली भी बन जाएगी। आयोग ने आधार को महत्वपूर्ण अभिलेख माना, आधार की गोपनीयता को पूरी तरह से बनाया रखा जायेगा। आधार फीडिंग से मतदाता सूची में डुप्लीकेसी खत्म होगी और शुद्ध मतदाता सूची बन सकेगी। इस कार्य को पूरी सतर्कता एवं जागरुकता के साथ करें। वीएलओ एवं सुपरवाईजर स्तर पर नियमित समीक्षा प्रतिदिन हो। उन्होंने कहा कि इससे हम पवित्र लोकतंत्र का सपना साकार कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छे ढ़ंग से एवं पूरी गम्भीरता से इस कार्य



को करें, ताकि ठीक प्रकार चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जा सके। उप जिलाधिकारी सदर प्रशान्त तिवारी ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थल पर आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु दिनांक 07.08.2022 एवं दिनांक 21.08.2022 (रविवार) विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि बूथ लेविल अधिकारी द्वारा दिनांक 01 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक फार्म-6बी की हार्डकापी में मतदाताओं से स्वैच्छिा से आधार संख्या के संग्रह के लिए घर-घर भ्रमण संबंधित बूथ लेविल अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्राप्त सभी ऑफलाइन फार्म-6बी को वी0एल0ओ0 द्वारा गरुड़ा ऐप का उपयोग करके या ई0आर0ओ0 द्वारा ई0आर0ओ0 नेट का उपयोग करके फार्म प्राप्त होने के 7 दिनों के अन्दर डिजिटाइज्ड किया जायेगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बूथ लेविल अधिकारी के घर-घर भ्रमण के दौरान मतदाता सूची में नामांकित मतदाता यदि अपने घर पर नही मिलता है तो उसके आस पास के लोगों से जानकारी प्राप्त करते हुए पुन: उस घर का भ्रमण किया जायेगा। आशा यह है कि संबंधित बूथ लेविल अधिकारी द्वारा भाग संख्या में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार नम्बर प्राप्त किए जाने का प्रयास किया जायेगा। बूथ लेविल अधिकारी के घर-घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं को ऑनलाइन माध्यम से आधार नम्बर के सबमिशन हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस बुनियाद पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जायेगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रयुक्त होने वाले संशोधित फार्म-6,7,8 एवं आधार एकत्रित किए जाने का फार्म-6 बी प्रयुक्त किया जायेगा। किसी भी दशा में दिनांक 01.08.2022 से पुराना फार्म-6,7,8 प्रयुक्त नही किया जायेगा। फार्म-8क को समाप्त करते हुए नये फार्म-8 में मर्ज कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्टेªट प्रथम प्रज्ञा यादव, तहसीलदार नितिन तेवतिया, कानूनगो, लेखपाल, जनप्रतिनिधि, सुपरवाईजर, बीएलओ आदि आदि उपस्थित रहें।

# प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली साहब के पैगाम को आम जन तक पुहचाया



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-महानगर अध्यक्ष मुरादाबाद हाजी वकी रशीद एडवोकेट, प्रदेश संयुक्त सचिव जकी रायनी, प्रदेश महासचिव अहतशाम मंसूरी, संभावित प्रतियाशी वार्ड 41 नदीम सैफ़ी,शब्बू खान, अबरार हुसैन, आसिफ हुसैन, के साथ मुरादाबाद महानगर के वार्ड 41 सीधी सराय में एक मीटिंग की जिसमे वक्ताओं ने एआईएमआईएम पार्टी की नीतियां बताई एवं बैरिस्टर ओवैसी साहब एवं प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली साहब के पैगाम को आम जन तक पुहचाया झ्र

और जनाब *इमरान शम्सी उर्फ पररू साहब को वार्ड अध्यक्ष 41, व मो0 बिलाल साहब को महानगर सचिव का मनोयन पत्र महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद ने दिया मीटिंग का आयोजन *वार्ड 41के संभावित प्रतियाशी नदीम सैफ़ी ने किया।

# सर्किट हाउस में जागरुकता चैपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह/डिस्ट्रिक्ट प्रोटोकाल एवं लाईजन आफिसर ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमति अवनी सिंह जनपद मुरादाबाद में मिशन शक्ति 4.0 के अर्न्तगत दिनांक 03.08.2022 को महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से जन जागरुकता चैपाल का आयोजन सर्किट हाउस मुरादाबाद में दिनांक 03.08.2022 को समय 11:00 बजे किया जाना है, जिसमें उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिलाओं के पति की मृत्युपरान्त निराश्रित पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने हेतु बेटी बचाओ-बेटी पढाओं योजना के अर्न्तगत जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराये जाने के संबंध में मिशन शक्ति 4.0 के अर्न्तगत महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसमें पीडित महिला उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रख सकती है तथा किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित शिकायत संबंधी जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, कानूनी समस्या, शैक्षिक एवं यौन शोषण इत्यादि से संबंधित शिकायतें उ0प्र0 राज्य आयोग की सदस्या श्रीमति अवनी सिंह व पुलिस विभाग जनपद स्तरीय अधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत रख सकते थे तथा अपनी समस्या का समाधान पा सकते है।नगर मजिस्टेªट ने समस्त जनमानस से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, जिससे अपनी समस्याओं का समाधान पा सके। पीडित या पीडिता आदि हेल्पलाइन नम्बरों की सहायता से अपनी समस्या का समाधान पा सकती है, जैसे महिला हेल्पलाइन नम्बर-181, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर-112 वूमेन पॉवर लाइन हेल्पलाइन नम्बर 1090 आदि।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Protect the birth of the river

Ultimately the river is being grounded in the unity of its geographical structure and in one such big project, Himachal, Jammu and Kashmir and Punjab are being linked together. The Himalayan Forest Research Institute, Shimla has drawn a blueprint for the Indus basin's Beas, Chenab, Ravi, Sutlej and Jhelum with the requirements of civilization's vitality and environment, which will also protect itself in the needs of the times to come. Initially suggestions for plantation, soil and water conservation have come up on these five river banks, while the magnitude of the project, if accepted, can change many mirrors of human activities. That is, these rivers are no longer circulating like this. Many changes and pressures are coming on their condition and situation. Taking the Beas itself, starting from its origin, this river is getting thinner while walking on the scorching sands of human needs. Sutlej carries not only silt on its chest, but many dimensions of progress. Similarly, along with the ecological description of other rivers, there are many such effluents, which will have to be seen due to the need of the hour or lack of national policies. So far, these rivers were seen as squeezing, whereas now references are being made to see them together. Of course, the Ministry of Environment thinks of such subjects as a shield, but is the primary responsibility of the river now confined to the banks of the environment. The river has shed its traditional ornaments in the past few decades in variations of agriculture, flooding and development. It is surprising that in the attempt to understand the river in the plains, such politics has been successful, which is fixed by the length of a canal or the height of the dam, while the river's bowel is starved on the mountain."The national resolve to worship the river will be fulfilled only on the mountain and these will be seen in the recognition of many valleys, many peaks, rains, snowfall, ravines and human concerns. What the Beas, Sutlej, Chenab, Ravi or Jhelum sees as a river, is actually its extension. The real protection lies in the birth of a river, where every drop becomes an ocean. If we look at any incident of cloudburst as the origin of a river, then there will be a change in the national policies, otherwise at one time even the floods in Sutlej had become only that of Himachal. Life originates in the pastures of the mountain's river basin and is the skeleton of an arduous life, which has not yet been replenished, otherwise the mountain data on per capita water availability would have been better. The flow of the river or the breaking of the river is seen, but the real tenacity and trouble lies in the birth of the river. The origin of the river in the capacity of every drop falling on the mountains is not a simple process, but a process of destroying the social earnings of every year. When the field, plant or crop is flowing, the river is still being produced. When the economy of farmers and gardeners is being destroyed by hailstorm, then only the river has to be born. Hundreds of buildings fall every year and breath is stopped, but the river sitting on the cot of this experience is bathing with water. Therefore, the answer to the exercise of bringing life to the five rivers is extraordinary and limitless. economy, development and future of man on the mountain will also have to be saved and groomed.


## Janhvi Kapoor became a victim of Oops Moment, the dress blew in the air in front of the paparazzi and was caught on camera...

Bollywood actress Jhanvi Kapoor has been in a lot of discus- sion these days about her film 'Good Luck Jerry'. The audience is very fond of this film. Jhanvi is constantly busy promoting the film. Many of his videos and photos are becoming increasingly viral on social media. Meanwhile, a video of Jhanvi is becoming increasingly viral. In this video, the actress is seen falling prey to Oops Moment. Surprisingly, Jhanvi became a victim of Oops Moment in front of the media. Jhanvi Kapoor's Oops Moment- A video of Jhanvi Kapoor has surfaced, which is becoming increasingly viral. This is not his current but old video. In the video, Janhvi Kapoor, wearing a very small dress, was seen getting out of her car and going towards the building. The paparazzi approaches them to capture them on camera. She gets out of her car in a hurry to escape the paparazzi and starts leaving when a gust of wind blows her dress. In such a situation, Jhanvi manages herself in a hurry. But his Oops Moment gets caught on camera. This video is becoming quite viral on social media. Jhanvi Kapoor's Workfront - Talking about the work front, Jhanvi Kapoor's film 'Good Luck Jerry' has been released on 29 July. Jhanvi's film is a remake of South's movie. Nayantara was seen in the lead role in this South movie. Good luck Jerry is being called the best film of Jhanvi's career because the acting of the actress is strong. Apart from this movie, there is also a movie 'Bawal' in Jhanvi's account. Varun Dhawan is in the lead role with her in this film. Along with this, Jhanvi is also working in 'Jana Gana Mana'. In this, Jhanvi will be seen alongside South Star Vijay Deverakonda and Pooja Hegde. Along with all this, Jhanvi also has Karan Johar's film 'Dostana 2'.



## After the success of Kesaria, Brahmastra's second song Deva Deva will be released soon, said- this song- 'Brahmastra's soul'

Ayan Mukerji's most awaited film Brahmastra is in a lot of discussion about its story. Recently, the romantic song Kesaria of the film was released, which remains in many social media platforms trading even today. Now the director of the film has thanked the fans for the stupendous success of Kesaria Song and shared information about the second song of the film, Deva Deva. The soul of Brahmastra is the song Deva Deva - Ayan Mukerji thanks to the overwhelming response to Kesaria. While sharing the post expressing gratitude to the fans, wrote, Giving information about the second song of Brahmamastra, Ayan Mukerji wrote in a post on his Instagram, a new week begins and this week we are going to share our next song Deva Deva from Kesaria. ready to drop. I think if Kesaria Dil Hai then the next song is Deva Deva Brahmastra's soul. It's a good Sunday, more love for Saffron. At the same time, he has also shared a video with this post thanking Saffron for the great success. Story of Brahmastra Directed by Ayan Mukerji, the story of this supernatural sci-fi film will be seen revolving around the superpower Shiva.In the film, actor Ranbir Kapoor is going to be seen in the lead character of the superpower Shiva, while Alia Bhatt is going to be seen in the role of Isha. Interestingly, Ranbir Kapoor is playing the role of Shiva in the first part of Brahmastra. While Alia Bhatt is playing the character of Isha. Which are other names of Mahadev and Parvati. Brahmastra to be released on this day - Apart from Ranbir Kapoor and Alia, Amitabh Bachchan, Nagarjuna and Mouni Roy are going to be seen in the lead roles in Brahmastra. Made under the banner of Dharma Productions, the film will hit the theaters on September 9, 2022.



# सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करते है ये त्यौहार: शकुंतला चतुर्वेदी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा के अंधी मोड़ पर राष्ट्रीय विप्र एकता मंच की महिला मोर्चा बिंग ने किया तीज महोत्सव का शानदार आयोजन,आज एटा राष्ट्रीय विप्र एकता मंच महिला मोर्चा के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला महाराणा प्रताप नगर के अंधी मोड़ पर समाजसेविका लवली चतुर्वेदी के आवास पर तीज महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया, इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के लिए मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता के अलावा बिभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के साथ अन्य कई आयोजन भी किये गये,कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती शकुन्तला चतुर्वेदी के द्वारा भगवान शंकर और पार्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया, समाज सेविका श्रीमती शकुन्तला चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी संस्कृति में तीज उत्सव का एक अनोखा बड़ा महत्व है, तीज का त्योहार हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। वहीं दूसरी ओर इस त्योहार के



माध्यम से अतीत के दर्शन भी होते हैं वही हरियाली तीज का उत्सव सावन मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है, प्रकाशरानी पाराशर ने कहा कि हमेशा से भारतीय संस्कृति में त्योहारों का खास महत्व रहा है, सभी त्योहार कोई न कोई संदेश हमारे समाज को अवश्य देते हैं, हरियाली तीज का त्योहार भी हमारे प्रमुख त्योहारों में से एक है। महिलाओं को अपने अधिकारों और सम्मान के प्रति सजग रहना चाहिए, अमिता पचौरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सम्मानित दर्जा दिया गया है, सदैव से नारी पूज्यनीय रही है। ब्राह्मण समाज के उत्थान में महिलाएं अपनी अहम भूमिका रखती हैं, भावी पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देकर संस्कारवान बनाने की जिम्मेदारी महिलाओं के ऊपर है। ब्राह्मण समाज की पीढ़ी संस्कारवान होगी तो सनातन संस्कृति भी सुरक्षित रहेगी इस बात को सभी लोगों को भलीभांति समझना चाहिए। इस दौरान महिलाओं ने माँ पार्वती की पूजा अर्चना कर लोकगीतों पर नृत्य किया, इस अवसर पर कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम के मौके पर शकुन्तला चतुर्वेदी, लवली चतुर्वेदी, बेबी त्रिवेदी, अर्चना त्रिवेदी, श्रीमती विनय चतुर्वेदी, प्रकाशरानी पाराशर, अमिता पचौरी, नमिता, रिंकी, दीपांशी, ममता तिवारी, शिवानी, रिचा, वंदना पचौरी, प्रीती, श्रंखला, गौरी, सुरभि सहित हरियाली तीज पूजा में दर्जनों महिलाएं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## एटा के रिजोर थाना क्षेत्र के चपराई मोड़ के समीप बोलेरो कार और बाइक सवार कावड़ियों के एक्सीडेंट

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा के रिजोर थाना क्षेत्र के चपराई मोड़ के समीप बोलेरो कार और बाइक सवार कावड़ियों के एक्सीडेंट का मामला, कावड़ियों के एक्सीडेंट की सूचना पर डीआईजी रेंज अलीगढ़ दीपक कुमार पहुंचे एटा घटनास्थल पर किया मौके का किया निरीक्षण, कार और बाइक भिडंत मे एक कावड़िये की हुई थी सड़क हादसे मे मौत, दो कावड़िये हुए थे घायल, निरीक्षण के बाद घायल कावड़ियों के बेहतर इलाज कराने के दिए थे निर्देश, डीआईजी के साथ एसएसपी उदयशंकर सिंह,एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाह निरीक्षण के दौरान रहे मौजूद, कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी- डीआईजी 14 जुलाई से शुरू हुए सावन के महीने और कावड़ यात्रा की लगातार एसएसपी उदयशंकर सिंह कर रहे हैं मॉनिटरिंग-डीआईजी के निरीक्षण से पहले घटनास्थल पर पहुंचे सीओ सदर राघवेंद्र सिंह राठौर,सीओ सकीट सुनील कुमार त्यागी व रिजोर थानाध्यक्ष अनुज कुमा

# एटा में सात वर्षीय मासूम, पहली क्लास की छात्रा के साथ 60 साल के आरोपी ने किया दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - सरकारी प्राईमरी विद्यालय में आंगनवाड़ी कार्यकत्री का साठ वर्षीय आरोपी पति दलिया का पैकेट देने के बहाने बहला फुसला कर ले गया था स्कूल के स्टोर में,मासूम से वहां किया दुष्कर्म, मासूम बच्ची के घर पहुंचने पर परिजनों को मामले की हुई जानकारी, सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुँचे एटा डीएम अंकित कुमार



अग्रवाल और एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह, पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश को घटनास्थल के पास से किया गिरफ्तार,आरोपी की पत्नी है इस सरकारी प्राईमरी स्कूल में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एटा के थाना जैथरा का मामला

## भीषण सड़क हादसे में एक कावड़िया की हुई मौत, दो घायल

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - बोलेरो कार ने बाइक सवार कांवड़ियों ने मारी टक्कर। कासगंज सोरों से शिकोहाबाद जा रहे थे डाक कावड़ लेकर। शिकोहाबाद की तरफ से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो कार ने बाइक में मारी टक्कर। घायल कांवड़ियों को हायर सेंटर इलाज के लिए किया रेफर। रिजोर थाना क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्तिथ चपरई मोड पर हुआ हादसा।

# आपसी रंजिश में गोली मारकर हत्या, आरोपी की तलाश में पुलिस टीम गठित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - कासगज शहर के हुल्का मोहल्ले में उस समय हडकंप मच गया जब एक 20 वर्षीय नवयुवक ने 65 वर्षीय व्यक्ति को सरेशाम गोली मार दी और फरार हो गया, आरोपी का नाम राजा पुत्र नत्थू सिंह शाक्य नि. मौहल्ला होलिका बिलराम गेट कासगंज बताया जाता है, जबकि मृतक भी वहीं का रहने वाला सुबोध कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र शर्मा 65 वर्ष बताया जाता है, घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस



व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुँच गए, तथा शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति के निर्देश पर सी ओ सदर दीप कुमार पंत के नेतृत्व में सर्विलांस टीम और एस ओ जी के सहयोग से सरगर्मी से आरोपी की तलाश कर रही है, बताया जाता है कि घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है.

# आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भूतपूर्व सैनिक के परिवार का किया गया सम्मान

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - एटा जनपद से है जहाँ एटा में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वैनर तले संघ द्वारा आज 1 अगस्त को पूरे एटा जनपद के सभी ब्लॉकों में 500 से अधिक विद्यालयों में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया जिसमे कयी भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने कारगिल युद्ध हो या 1971 का पाकिस्तान के खिलाफ लड़ा गया युद्ध हो उसमे देश के सम्मान,स्वाभिमान को कायम रखते हुए बढ़ चढ़ के अपनी अग्रिम भूमिका का निर्वाहन किया साथ ही साथ दुश्मनो को अपने अदम्य सहस और पराक्रम का लोहा मनमाया ऐसे सैनिको व स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणो की आहुति देके देश को आजाद कराने में जिनकी भूमिका रही परन्तु दुर्भाग्य पूर्ण हमारा समाज उनसे परचित नहीं हो पाया ऐसे भूले विसरे सैनानियों का व उनके परिवार का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वैनर तले स्वागत व सम्मान किया गया जिसमे क्रमशः



ब्लॉक मारहरा के कम्पोजिट विद्यालय बढ़ौली में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वैनर तले 1971 की पाकिस्तान के खिलाफ लड़ी लड़ाई में बढ़ चढ़ हिस्सा लेने वाले श्री उजागर सिंह यादव जी की धर्म पत्नी श्रीमति गंगा देवी जी का स्वागत व सम्मान किया गया तथा भारत माता का पूजन एवं भूतपूर्व सैनानी /सौनिक परिवार के सम्मान के साथ साथ उनकी वीर गाथाओ से बच्चो को परिचित कराते हुए कहानी चित्र कला व देश भक्ति से ओतप्रोत गीत - संगीतो के साथ प्रतियोगिताओ का भी संक्षिप्त आयोजन कराया गया तथा कार्यक्रम को समापन को और लेजाते हुए पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण कर राष्ट्गान के साथ आयोजन के समापन की घोषणा की गयी

# अलीगंज में बड़ी धूमधाम से निकाली गई कावंड़ यात्रा




योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - अलीगंज पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता राजू भैया के कुशल संरक्षण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन महीने में भोलेनाथ बाबा के आशीर्वाद के चलते नगर के उत्साहित युवाओं,के अलावा महिलाशक्ति ने भी कावंड़ यात्रा में सहभागिता करते हुए,नगर प्राचीनतम शिवाला मन्दिर से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया।यह कावंड़ यात्रा मन्दिर से आरम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्ग,मातादीन चौराहा,गांधी चौराहा,तहसील चौराहा होती हुई,फर्रुखाबाद से गंगा मैया से जल भरकर सोमवार को प्रातः अलीगंज के शिव मंदिर में जलाभिषेक कर अपनी, अपने परिवार की साथ ही नगर वासियों,देशवासियों के साथ भारत मे शांति और सदभावना बनी रहे,ऐसी भोलेनाथ से प्रार्थना करेंगे।यात्रा कमेयी में दिनेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, आनन्द शर्मा, विमल गुप्ता, गौरव गुप्ता, आदि का सहयोग सराहनीय रहा

WWW.KNLSIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु अपील

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बाल भिक्षावृत्ति हेतु निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। आज निरीक्षण के दौरान दल द्वारा सूरजपुर शहरी क्षेत्र के पुराने बस स्टैण्ड से चन्द्रपुर, भैयाथान रोड़, केतका रोड, पुराने बस स्टैण्ड से नया बस स्टैण्ड तक निरीक्षण कार्य किया गया। जिस दौरान कोई भी बालक भिक्षा मांगते हुए नहीं पाया गया। शहर के पुराने बस स्टैण्ड, नये बस स्टैण्ड, होटलों तथा ठेले वाले को समझाइश देते हुए अवगत कराया गया कि कोई भी बच्चा अकेले या अपने परिजनों के साथ भी भीख मांगते हुए दिखाई देता है तो आप चाईल्ड लाईन को टोल फ्री नंबर 1098 पर संपर्क कर सूचना प्रदान कर सकते है। ग्राम पचिरा में हरिद्वार से आये हुए दवा बेचने वाले परिवारों को भी बच्चों से भीख ना मांगवाने हेतु समझाइश दिया गया। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के तहत यदि कोई व्यक्ति भीख मांगने के लिए बालक का नियोजन, प्रयोग करता है अथवा किसी बालक से भीख मंगवाता है, ऐसे में उसे पांच वर्ष तक का कारावास और साथ में एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चंद्रबेस सिंह सिसोदिया द्वारा जन समुदाय से अपील किया गया है कि वह बच्चों को सुरक्षित करने हेतु आगे आये। बच्चों को भीख देकर उन्हें भीख मांगने हेतु प्रोत्साहित ना करते हुए 1098 में सूचना देवे ताकि उनके भविष्य को सवांरा जा सके एवं उन्हें शासन कि विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा सके।

# निशुल्क डिप्लोमा कोर्स हेतु आवेदन आमंत्रित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- रोजगार एवं स्वरोजगार के मार्गदर्शन में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकीय एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कोरबा रसायन एवं पेट्रोरसाय विभाग, रासायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित रोजगारमूलक नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क है। जिसमें प्रशिक्षणार्थी हेतु भोजन, आवास, यूनिफार्म, पाठ्य सामग्री इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध किया गया है। पाठ्यक्रम में प्रवेश आमंत्रित है। डिप्लोमा के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक :https://cipetw®ww.onlineregistrationform.org/CIPET/ कोर्स डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉइन (डी.पी.टी.), डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टैक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी.) प्रशिक्षण अवधी कोर्स का वर्ष 03 वर्षीय आयु 18 से 25 वर्ष शैक्षणिक अर्हता 10वीं उत्तीर्ण डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश हेतु( लैटरल एंट्री) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक :https://sites.google.com/view/cipetkorbaw®ww/home कोर्स डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉइन (डी.पी.टी.), डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टैक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी.) प्रशिक्षण अवधी 02 वर्ष अधिकतम आयु 18 से 25 वर्ष शैक्षणिक अर्हता 12 वीं कक्षा, आई.टी.आई. उत्तीर्ण हो इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाईन आवेदन सिपेट की बेबसाइट www.cipet.gov.in पर 15 अगस्त 2022 तक कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस जन चौपाल में शासन के कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



- बरसाती मौसम को लेकर ग्रामीणों को सावधानी बरतने दी गई हिदायत।
- साईबर अपराध, ठगों के झांसे में न आने दी गई समझाईश

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, नागरिकों की समस्या-शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने तथा छत्तीसगढ़ शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराने ग्रामों तथा साप्ताहिक बाजार में जन चौपाल लगाने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में सोमवार, 01 अगस्त को चौकी उमेश्वरपुर पुलिस के द्वारा ग्राम उमेश्वरपुर में पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी देवनाथ चौधरी ने छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, पौनी पसारी योजना, छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, प्राकृतिक आपदा क्षतिपूर्ति योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से योजना से जुड़े लाभ के बारे में चर्चा किया। नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में नशे के धंधे में लिप्त लोगों की सूचना देने की अपील किया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को बरसाती मौसम में जहरीले सर्प-बिच्छु से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को जमीन संबंधी विवाद न करते हुए विधि अनुसार निराकरण कराने, कानून के बारे में की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर में किए जा रहे फाड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने, चिटफंड के झांसे में न आने, किसी प्रकार लालच या प्रलोभन में न फंसने की समझाईश दिया। ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। गांव की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने तथा सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर चर्चा कर सुझाव लिए गए। अवैध गतिविधियों की सूचना अथवा परेशानी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के संवाद नंबर 7999161672 पर देने ग्रामीणों से अपील किया।

## मवेशी और सब्जी विक्रेताओं के कारण बिगड़ रही है यातायात व्यवस्था - नपा और पुलिस मिलकर करेगी कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों में विचरण करती आवारा मवेषियों, बेतरतीब आटो की आवाजाही तथा सड़क किनारे लगने वाले फल व सब्जी व्यवसायियों के कारण बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में नगरपालिका के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली। जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर यातायात को व्यवस्थित करने हेतु सार्थक पहल करने का निर्णय लिया गया। नगरपालिका प्रेसीडेन्ट कक्ष में आयोजित बैठक में अध्यक्ष के.के. अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका को निकाय क्षेत्र में कानूनी व्यवस्था बनाये रखने की पूरी चिन्ता है और पुलिस, प्रषासन एवं नगरीय जनप्रतिनिधि आपस में समन्वय बनाकर बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होनें सड़कों पर स्वछन्द विचरण कर रहे आवारा मवेषियों के कारण बिगड़ रही यातायात व्यवस्था और हो रही दुर्घटनाओं के लिए पूरी तरह से मवेषी मालिकों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि मवेषियों को गौषाला भेजने और मवेषी मालिकों की पहचान कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की आवष्यकता है।

# अवैध कोयला के कारोबार के विरूद्ध थाना प्रतापपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- अवैध कोयला के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर थाना प्रतापपुर की पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 28 टन अवैध कोयला लोड़ ट्रेलर वाहन सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 31.07.2022 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि महान-3 दुप्पी चौरा क्षेत्र से चोरी का कोयला लोड़ कर बरबसपुर के रास्ते से राजपुर की तरफ जाने वाला है। सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने थाना प्रभारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस ने बरबसपुर में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई इसी दौरान देर रात्रि में एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 29 ए 4845 को रोका गया जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ पाया। वाहन चालक दिनेश यादव पिता चैतराम यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम धुरवासिन, थाना भालूमाड़ा, जिला अनुपपुर तथा परिचालक नीरज केंवट पिता भुनेश्वर उम्र 24 वर्ष निवासी बरौल, थाना मरवाही से कोयला खरीदी एवं परिवहन का दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जो चोरी का होने की पूर्ण संभावना पर ट्रेलर में लोड़ 28 टन कोयला कीमत 168000 रूपये एवं ट्रेलर कीमत करीब 10 लाख रूपये को जप्त कर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि कोयला को दुप्पी चौरा ईंट भट्ठा से कोयला डिपो रनहत ले जा रहे थे। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर नीलिमा तिर्की, एसआई नवलकिशोर दुबे, एएसआई अशोक तिर्की, मंत्रीराम मिंज, प्रधान आरक्षक रामाधीन श्यामले, अनिल कुजूर, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अरविन्द पाण्डेय, जयप्रकाश पन्ना व सत्य नारायण सक्रिय रहे।